कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

श्री बाबूलाल खण्डेलवाल, तत्कालीन व्याख्याता (अर्थशास्त्र) वर्तमान प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर जन्म तिथि 01.07.1964 व्याख्याता पद के वरिष्ठता क्रमांक 178/2010–11 को राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 3 के ग्रुप–डी–II के अनुरूप प्रधानाचार्य (उमावि) एवं समकक्ष पद की वर्ष 2018–19 की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार चयनोपरान्त कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना.डीपीसी/01–02 से 17–18/पदस्थापन/2018 दिनांक 02.06.2018 द्वारा पदस्थापन राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर में किया गया था।

उक्त आदेशों की पालना में श्री बाबूलाल खण्डेलवाल ने दिनांक 07.06.2018 को राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर में कार्यग्रहण किया। श्री बाबूलाल खण्डेलवाल की स्वयं की प्रार्थना पर इनकी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर के पद से पदावनत कर पुनः व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के पद पर पदस्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/मा/संस्था/ए–4/बाबूलाल/2018/06 दिनांक : 4.4.19

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) शासन सचिवालय, जयपुर
2. सयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग, जोधपुर
3. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय–माध्यमिक), बाड़मेर।
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति, पाटौदी जिला बाड़मेर को भेजकर कर निर्देशित किया जाता है कि श्री बाबूलाल खण्डेलवाल के पदोन्नति उपरान्त प्रधानाचार्य पद पर किये गये वेतन निर्धारण को पुनः संशोधित कर उक्त आदेश का इन्द्राज उनकी सेवापुस्तिका में लाल स्याही से करें।
5. अनुभाग अधिकारी संस्थापन–सी अनुभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि श्री बाबूलालखण्डेलवाल का पदस्थापन व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के रिक्त पद पर कर अवगत करावें।
6. प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर
7. श्री बाबूलाल खण्डेलवाल, प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, रिछोली पंचायत समिति पाटौदी जिला बाड़मेर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के पद पर पदस्थापन आदेश जारी होने तक यथावत कार्यरत रहेगे।
8. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने बाबत
9. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर